# वशि्व जैव ईंधन दविस 2024

## प्रलिमि्स के लयि:

जैव ईंधन, जैव ईंधन के प्रकार, इथेनॉल सम्मशि्रण कार्यक्रम (EBP), जैव ईंधन पर राष्ट्रीय नीति, वभिेदक इथेनॉल मूल्य नर्िधारण।

## मेन्स के लयि:

इथेनॉल, इथेनॉल सम्मशि्रण कार्यक्रम: महत्त्व, चुनौतियाँ, सरकारी नीतियाँ और आगे की राह।

**सरोत : इंडयिन एक्सप्रेस**

## चर्चा में क्यों ?

हाल ही में, 10 अगस्त 2024 को वशि्व जैव ईंधन दविस मनाया गया। इसका उद्देश्य **स्थायी ऊर्जा वकिल्पों** के रूप में गैर-जीवाश्म ईंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाना और **जैव ईंधन उद्योग का समर्थन करने वाली सरकारी पहलों को उजागर करना है**।

- यह दनि **9 अगस्त 1893 को जर्मन इंजीनयिर सर रुडोल्फ डीजल द्वारा मूंगफली के तेल पर इंजन के सफल संचालन की याद** में भी मनाया जाता है।

//

# ईंधन के रूप में इथेनॉल

Drishti IAS


**इथेनॉल**

- प्रमुख जैव ईंधन।
- इसे एथिल अल्कोहल ($C_2H_5OH$) भी कहा जाता है।

**उत्पादन**

- **प्राकृतिक रूप से चीनी** (अथवा मक्का, चावल आदि) **के किण्वन द्वारा**
- **पेट्रोकेमिकल प्रक्रियाओं** द्वारा (एथिलीन हाइड्रेशन)

गैर-जीवाश्म ईंधन के महत्त्व के संदर्भ में जन-जागरूकता हेतु 10 अगस्त को विश्व जैव ईंधन दिवस मनाया जाता है।




## इथेनॉल सम्मिश्रण

**वाहनों के परिचालन में जीवाश्म ईंधन की खपत कम करने के लिये पेट्रोल के साथ इथेनॉल को मिलाना।**

### सम्मिश्रण लक्ष्य

- वर्ष **2025** तक **E20:** ईंधन 80% पेट्रोल के साथ **20%** इथेनॉल का मिश्रण।

वर्तमान में वाहनों में प्रयोग होने वाले पेट्रोल में इथेनॉल की हिस्सेदारी **10%** ही है।

### महत्त्व

- देश के तेल आयात में कमी आएगी।
- पेट्रोल की तुलना में कम लागत पर समतुल्य दक्षता प्राप्त होगी।
- पूर्ण रूप से जलता है साथ ही पेट्रोल से भी अधिक स्वच्छ होता है।
- किसानों की आय बढ़ाने के लिये कृषि अवशेषों से इथेनॉल का उत्पादन किया जा सकेगा।

### चुनौतियाँ

- **गन्ने के लिये अधिक भूमि की आवश्यकता** (परिणामस्वरूप खाद्य कीमतों में वृद्धि) है।
- जैव ईंधन फसलों को **उच्च मात्रा में जल की आवश्यकता** होती है।

### संबंधित पहलें

- भारत में इथेनॉल सम्मिश्रण के लिये रोडमैप (नीति आयोग की रिपोर्ट) (वर्ष 2021)
- E100 पायलट प्रोजेक्ट (इथेनॉल के उत्पादन और वितरण के लिये नेटवर्क) (वर्ष 2021)
- प्रधानमंत्री जी-वन योजना (2G इथेनॉल परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिये) (वर्ष 2019)
- राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति (वर्ष 2018)
- इथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम (वर्ष 2003)


## जैव ईंधन क्या हैं?

- **परिचय:**
  - जैव ईंधन **पौधों या पशु के अपशष्टिों के बायोमास से प्राप्त ईंधन है।**
  - इसे आमतौर पर **मकई, गन्ना और गाय के गोबर जैसे पशु अपशष्टिों से बनाया जाता है।**
  - ये ऊरजा के नवीकरणीय स्रोतों के अंतर्गत आते हैं।
- **सबसे आम जैव ईंधन:**
  - **इथेनॉल:** यह मकई और गन्ने जैसे **फसल अवशेषों के कणि्वन द्वारा** नरि्मति होता है। कणि्वन के बाद, **इथेनॉल को पेट्रोलियम के साथ मलािया जाता है,** जसिसे यह पतला हो जाता है और उत्सर्जन कम हो जाता है।
    - सबसे आम मशि्रण **इथेनॉल-10 है, जसिमें 10% इथेनॉल होता** है।
    - ईंधन में प्रयोग कयिा जाने वाला **इथेनॉल 99.9% शुद्ध एल्कोहल है, जबक‍ि 96% अतरिकि्त तटस्थ एल्कोहल** का उपयोग पीने योग्य शराब में कयिा जाता है और **94% रेक्टफिाइड स्परिटि पेंट**, सौंदर्य प्रसाधन, फार्मास्यूटकिल्स एवं अन्य

औद्योगिक उत्पादों में पाया जाता है।

- **बायोडीजल:** यह एक नवीकरणीय, बायोडग्रिेडेबल ईंधन है जो प्रयोग कयि गए **खाना पकाने के तेल, रीसाइकलि कयि गए रेस्तरां के ग्रीस, पीले ग्रीस या पशु वसा** से बनाया जाता है।
  - इसके उत्पादन में उत्प्रेरक की उपस्थिति में **तेल या वसा को एल्कोहल के साथ जलाया जाता** है।

- **महत्त्व:**
  - **पर्यावरणीय लाभ:**जैव ईंधन पर्यावरणीय स्थरिता के लयि महत्त्वपूर्ण हैं क्योंकि वे जीवाश्म ईंधन के उपयोग के कुछ नकारात्मक प्रभावों जैसे **ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और संसाधनों की कमी को कम करने में मदद करते हैं तथा बेहतर अपशष्टि प्रबंधन समाधान भी प्रदान करते हैं।**
  - **ऊर्जा सुरक्षा:** भारत **वश्वि का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल उपभोक्ता** है, जो **अपने तेल का 85% से अधकि हस्सिा आयात करता है**। बढ़ती ऊर्जा मांग और आयात पर अत्यधकि नर्भिरता के साथ, जैव ईंधन ऊर्जा सुरक्षा को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।
  - **आर्थकि लाभ:** जैव ईंधन भारत के **तेल आयात और आयात बलि में कटौती कर सकता है,** साथ ही **कृषि आय को बढ़ा सकता है और मक्का व गन्ना जैसी फसलों के अधशिेष उत्पादन की समस्या का समाधान भी हो सकता है।**
  - **प्रचुर उपलब्धता:** जैव ईंधन का उत्पादन वभिन्नि स्रोतों से कयि जा सकता है, जनिमें फसलें, अपशष्टि और शैवाल शामलि हैं।





## जैव ईंधन पर सरकार की पहल और नीतियाँ क्या हैं?

- **जैव ईंधन पर राष्ट्रीय नीति, 2018: इसका उद्देश्य जैव इथेनॉल, जैव डीजल और जैव-CNG के साथ ईंधन मश्रिण को बढ़ावा देकर आयात पर नर्भिरता को कम करना है।**
  - प्रमुख तत्त्वों में इथेनॉल मश्रिति पेट्रोल (EBP) कार्यक्रम **दूसरी पीढ़ी के इथेनॉल** (वन और कृषि अवशेषों से प्राप्त) का

उत्पादन, "[मेक इन इंडिया](#)" कार्यक्रम के तहत स्थानीय ईंधन योजक उत्पादन में वृद्धि और **फीडस्टॉक में अनुसंधान एवं विकास** शामिल हैं।
  - मई 2022 में, नीति में संशोधन करके वर्ष 2030 से **वर्ष 2025-26 तक 20% इथेनॉल मिश्रित लक्ष्य** को आगे बढ़ाया गया।
- **इथेनॉल पर GST में कमी:**
  - इथेनॉल मिश्रण को प्रोत्साहित करने के लिये सरकार ने **इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (EBP) कार्यक्रम** के तहत मिश्रण के लिये प्रयुक्त इथेनॉल पर **[वस्तु एवं सेवा कर (GST)](#) की दर 18% से घटाकर 5%** कर दी है।
- **[प्रधानमंत्री जी-वन योजना, 2019](#):**
  - इसका उद्देश्य वित्तीय सहायता प्रदान करके पेट्रोकेमिकल मार्गों सहित **सेल्यूलोसिक और लिग्नोसेल्यूलोसिक स्रोतों से [दूसरी पीढ़ी (2G) इथेनॉल](#) उत्पादन** को बढ़ावा देना है।
  - **लिग्नोसेल्यूलोसिक बायोमास (या LC बायोमास)** प्लांट बायोमास को संदर्भित करता है जो **सेल्यूलोज, हेमिसेल्यूलोज और लिग्निन** से बना होता है। उदाहरण के लिये पुआल, खोई (गन्ने को पेरकर रस निकालने के बाद बचा ठोस पदार्थ), वन अवशेष और **वनस्पति घास जैसी उद्देश्यपूर्ण ऊर्जा फसलें।**
  - सरकार ने योजना के कार्यान्वयन की समय सीमा को **5 वर्ष बढ़ाकर वर्ष 2028-29 तक करने की मंज़ूरी** दे दी है।
- **[गोबर (Galvanizing Organic Bio-Agro Resources- GOBAR) धन योजना 2018](#):**
  - यह खेतों में **मवेशियों के गोबर और ठोस अपशिष्ट को उपयोगी खाद,** बायोगैस और बायो-CNG में परिवर्तित करने एवं प्रबंधित करने पर केंद्रित है, ताकि **गाँवों को साफ रखा जा सके तथा ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि हो सके।**
  - इसे [स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)](#) के तहत लॉन्च किया गया था।
- **[प्रयुक्त कुकिंग ऑइल का पुनरुपयोग (Repurpose Used Cooking Oil- RUCO)](#):**
  - इसे [भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI)](#) द्वारा लॉन्च किया गया था तथा इसका लक्ष्य एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है, जो प्रयुक्त कुकिंग ऑइल के संग्रहण और बायोडीजल में इनके रूपांतरण को सक्षम करेगा।
- [वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (GBA)](#)**: यह अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को सुविधाजनक बनाने और सतत् जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु एक बहु-हितधारक गठबंधन है।**
  - इसे औपचारिक रूप से **वर्ष 2023 में** भारत द्वारा **नई दिल्ली में [G20 शिखर सम्मेलन](#)** के दौरान USA, ब्राज़ील, इटली, अर्जेंटीना, सिंगापुर, बांग्लादेश, मॉरीशस और UAE के नेताओं द्वारा **लॉन्च किया गया** था।
  - इसके अतिरिक्त, इसका उद्देश्य **वैश्विक जैव ईंधन व्यापार को सुविधाजनक बनाना** और राष्ट्रीय जैव ईंधन कार्यक्रमों के लिये तकनीकी सहायता प्रदान करना है।

**नोट:**

- **सर्वप्रथम 2G इथेनॉल प्रोजेक्ट** की शुरुआत वर्ष 2022 में हरियाणा के पानीपत में की गई।
- **इथेनॉल मिश्रण** वर्ष 2013-14 में 38 करोड़ लीटर से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 500 करोड़ लीटर से अधिक हो गया।
- **मिश्रण प्रतिशत** 1.53% से **बढ़कर 12.06%** हो गया, जो **जुलाई 2024 में 15.83%** तक पहुँच गया।
- तेल विपणन कंपनियों (OMC) का लक्ष्य इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ESY) 2025-26 के अंत तक **20% इथेनॉल मिश्रण लक्ष्य** हासिल करना है, जिसके लिये लगभग 1,100 करोड़ लीटर इथेनॉल की आवश्यकता होगी।
- मिश्रण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये कुल 1,750 करोड़ लीटर **इथेनॉल आसवन क्षमता की आवश्यकता** है।



## जैव ईंधन से संबंधति चुनौतियाँ क्या हैं?

- **पर्यावरण संबंधी मुद्दे:** जैव ईंधन उत्पादन से **भूमि और जल संसाधनों पर दबाव** पड़ सकता है जो **प्रदूषण का कारण** बन सकता है तथा **फसल पैटर्न को बदल सकता है।**
    - **शर्करा से एक लीटर इथेनॉल** के विरचन के लिये लगभग **2,860 लीटर जल** की **आवश्यकता** होती है।
- **खाद्य बनाम ईंधन चुनौती:** जैव ईंधन के लिये फीडस्टॉक और उत्पादन विधियों के विकल्प के आधार पर **खाद्य सुरक्षा एवं ऊर्जा सुरक्षा के बीच संतुलन** बनाने के संदर्भ में चिंताएँ उत्पन्न होती हैं।
    - इन **फीडस्टॉक की उपलब्धता और लागत में** ऋतु, मौसम, बाज़ार की स्थितियों एवं नीतिगत परिवर्तनों जैसे कारकों के आधार पर **उतार-चढ़ाव** हो सकता है।
- **रूपांतरण दक्षता और उत्पादन:** इथेनॉल उत्पादन में **प्रीट्रीटमेंट, हाइड्रोलिसिस/जल अपघटन, किण्वन और आसवन** शामिल है, जिसमें फीडस्टॉक के प्रकार, प्रक्रिया प्रौद्योगिकी एवं स्थितियों के आधार पर **अलग-अलग दक्षता व उत्पादन** होता है।
    - उदाहरण के लिये **लिग्नोसेल्यूलोसिक बायोमास,** जो **गन्ने या मकई की तुलना में अधिक प्रचुर और विविध** है, को सेल्यूलोज़ व हेमिसेल्यूलोज़ को किण्वनीय शर्करा में तोड़ने के लिये अधिक गहन-जटिल प्रीट्रीटमेंट और जल अपघटन की आवश्यकता होती है।
    - **इथेनॉल की रूपांतरण दक्षता और उत्पादन** भी उत्पादन प्रक्रिया की **आर्थिक व्यवहार्यता एवं पर्यावरणीय प्रभाव** को प्रभावित करती है।
- **अवसंरचना और वितरण:** इथेनॉल उत्पादन के लिये **फीडस्टॉक और ईंधन के परिवहन, भंडारण एवं वितरण के लिये मज़बूत अवसंरचना की आवश्यकता** होती है, जो **महँगा** हो सकता है, जिससे **रसद तथा नियामक चुनौतियों का सामना करना** पड़ सकता है।
    - उदाहरण के लिये **इथेनॉल संक्षारक और हाइग्रोस्कोपिक** होता है, जिसका अर्थ है कि यह **मौजूदा पाइपलाइनों, टैंकों एवं पंपों**, जो गैसोलीन या डीजल के लिये डिज़ाइन किये गए हैं, **को नुकसान** पहुँचा सकता है **या दूषित कर सकता है।**
- **वाहन अनुकूलता और प्रदर्शन:** वाहनों को इथेनॉल-मिश्रित ईंधन या शुद्ध इथेनॉल पर चलाने के लिए संशोधन की आवश्यकता होती है, जिससे **इंजन, ईंधन प्रणाली और रखरखाव कार्य प्रभावित** होते हैं।
    - उदाहरण के लिये **इथेनॉल का ऊर्जा घनत्व गैसोलीन से कम होता** है, जिसका अर्थ है कि समान मात्रा में ऊर्जा प्रदान करने हेतु अधिक **मात्रा में इथेनॉल की आवश्यकता** होती है, जिसके **परिणामस्वरूप परिवहन और भंडारण लागत अधिक** होती है।

## आगे की राह

- **उत्पादन में वृद्धि:** गैर-खाद्य स्रोतों और **अपशिष्ट का उपयोग करके फीडस्टॉक में विविधता लाना,** उन्नत जैव ईंधन के लिये अनुसंधान एवं विकास को समर्थन देना, **उत्पादन सुविधाओं का विस्तार** तथा आधुनिकीकरण करना तथा **लागत कम करने एवं रसद बढ़ाने हेतु ईंधन डिपो के पास डिस्टिलरी** स्थापित करना।
- **नीति और बाज़ार तंत्र:** वर्ष 2025 तक धीरे-धीरे इथेनॉल मिश्रण अधिदेश को **20% से अधिक बढ़ाना**, बाज़ार स्थिरता सुनिश्चित करने के लिये तेल कंपनियों के साथ निश्चित मूल्य अनुबंध स्थापित करना तथा **मिश्रण अनुपात, इंजन अनुकूलता और रूपांतरण प्रौद्योगिकियों के अनुकूलन हेतु** अनुसंधान एवं विकास में निवेश करना।
- **तकनीकी उन्नति:** बेहतर भंडारण और परिवहन बुनियादी ढाँचे में निवेश करें, **इथेनॉल-संगत इंजन** विकसित करने के लिये वाहन निर्माताओं के साथ सहयोग करें तथा **प्रदर्शन और सुरक्षा सुनिश्चित करने** हेतु इथेनॉल के लिये सख्त गुणवत्ता मानकों को लागू करें।
- **जन जागरूकता और शिक्षा:** इथेनॉल मिश्रण के लाभों के बारे में **उपभोक्ताओं को शिक्षित करने**, **गलत धारणाओं को दूर करने** और अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिये अभियान शुरू करें। विकल्पों की जानकारी देने हेतु स्टेशनों पर इथेनॉल-मिश्रित ईंधन की स्पष्ट लेबलिंग सुनिश्चित करें।

**दृष्टि मुख्य प्रश्न**

**प्रश्न:** ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने, जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने में भारत के इथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम के महत्त्व पर चर्चा कीजिये।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQ)

**प्रश्न. नीचे चार ऊर्जा फसलों के नाम दिये गए हैं। इनमें से किसकी खेती इथेनॉल के लिये की जा सकती है? (2010)**

(a) जट्रोफा
(b) मक्का
(c) पोंगामिया
(d) सूरजमुखी

**उत्तर: (b)**

---

**प्रश्न. भारत की जैव ईंधन की राष्ट्रीय नीति के अनुसार, जैव ईंधन के उत्पादन के लिये निम्नलिखित में से किनका उपयोग कच्चे माल के रूप में किया जा सकता है? (2020)**

1. कसावा

2. क्षतग्रिस्त गेहूँ के दाने
3. मूंगफली के बीज
4. कुलथी (Horse Gram)
5. सड़ा आलू
6. चुकंदर

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1, 2, 5 और 6
(b) केवल 1, 3, 4 और 6
(c) केवल 2, 3, 4 और 5
(d) 1, 2, 3, 4, 5 और 6

**उत्तर: (a)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-biofuels-day-2024